प्रिलिम्स फैक्ट्स: 25 अक्तूबर, 2021

drishtiias.com/hindi/printpdf/प्रिलिम्स-फैक्ट्स-25-अक्तूबर,-2021

कोंकण शक्ति 2021

कोंकण शक्ति-2021

Konkan Shakti 2021

हाल ही में भारत और ब्रिटेन ने 'कोंकण शक्ति-2021' की शुरुआत की, जो कि पहली बार आयोजित एक त्रि-सेवा संयुक्त अभ्यास है। इसकी शुरुआत भारत के पश्चिमी तट से हुई थी।

> इससे पहले भारतीय सेना की गोरखा राइफल्स (फ्रंटियर फोर्स) को वेल्स (ब्रिटेन) में आयोजित कैम्ब्रियन पेट्रोल अभ्यास में स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया था।

प्रमुख बिंदु

- **उद्देश्य**
  - एक-दूसरे के अनुभवों से पारस्परिक लाभ प्राप्त करना और दोनों देशों के बीच निरंतर सहयोग को प्रदर्शित करना।
  - इसका उद्देश्य एक विरोधी वातावरण में गठबंधन बलों द्वारा मानवीय सहायता और आपदा राहत कार्यों के संचालन में सैनिकों को प्रशिक्षण देना भी है।

- **भारत और ब्रिटेन के बीच अन्य संयुक्त अभ्यास:**
  - नौसेना: कोंकण
  - वायु सेना: इंद्रधनुष
  - मिलिट्री: अजय वारियर